हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 पहले दिन समाधान पेटी के साथ सुशासन वाहन रवाना








## दो दिन पूर्व ही पहुंचा है झारखंड से

# जंगल में महुआ बीन रहे बच्चों को खाना पहुंचाने जा रहे पिता की दंतैल ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो दिन पूर्व सीमावर्ती जंगल से पहुंचे अकेले दंतैल ने जंगल में महुआ बीन रहे अपने बच्चों को साइकिल से खाना पहुंचाने जा रहे ग्रामीण की कुचलकर जान ले ली। हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत होने की सूचना पर पहुंचे लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया एवं पीएम के लिए विभाग को शव देने से मना कर दिया। वन अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए तो अधिकारियों ने पंचनामा की कार्रवाई की।

**खास बात**

- आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर किया विरोध प्रदर्शन

सरगुजा में हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। पिछले 10 दिनों से हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर वन अमला दिन-रात हाथियों की निगरानी कर रहा है इसके बावजूद हाथियों के हमले नहीं रूक रहे हैं। 10 दिनों पूर्व भी दंतैल झारखण्ड से रामानुजगंज जंगल में पहुंचा था तथा दस दिन में तीन लोगों की जान ले ली थी। तीन लोगों की जान लेने के बाद दंतैल वापस झारखण्ड लौट गया था। बताया जा रहा है दो दिन पूर्व दंतैल दोबारा वापस लौटा था तथा बिना आराम किए दिन रात घुई जंगल में इधर-उधर भ्रमण कर रहा था। बीती रात दंतैल के वन परिक्षेत्र रामानुजगंज की ओर बढ़ने की सूचना पर वन अमला सीमावर्ती जंगल हरिहरपुर में हाथी की चौकसी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर रहा था। इधर दंतैल पहाड़ी पार कर छतवा जंगल के रास्ते चाकी जंगल में पहुंच गया। सुबह वन अमला दंतैल की मौजूदगी की जानकारी जुटाने में व्यस्त था। इधर दंतैल की मौजूदगी से अनभिज्ञ ग्राम चाकी निवासी देवनारायण सिंह आ.तिलकधारी खैरवार (42वर्ष) सुबह 7:30 बजे ग्रामीणों के साथ जंगल में महुआ बीन रहे अपने बच्चों को खाना पहुंचाने साइकिल से निकला था। वह जैसे ही बसकटिया पहुंच मार्ग के पास पहुंचा सामने से दंतैल आता दिखा दिखा। दंतैल को देख देवनारायण भागने लगा लेकिन हाथी ने सूंड में जकड़कर 10 फीट दूर गड्ढे में फेंक दिया हाथी के हमले में घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर जिपं सदस्य संतोष यादव के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा विभाग को मृतक का शव ले जाने से रोक दिया। सूचना पर पहुंचे उपवन मंडलाधिकारी अनिल सिंह पैकरा एवं रेंजर संतोष पाण्डेय ने ग्रामीणों को शांत कराया। मृतक की पत्नी की मौत पूर्व में हो चुकी है। पिता की मौत होने के बाद उसके दोनों बच्चे अनाथ हो गए। मृतक का बेटा 14 साल का है जबकि बेटी ममता स्नातक की पढ़ाई कर चुकी है। ग्रामीणों की मांग पर अधिकारियों ने ममता को चौकीदार नियुक्त करने का आश्वासन दिया।



मृतक के पुत्र को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

### 10 दिन में 7 मौतें

अलग-अलग दो हाथियों के हमले में अब तक 6 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। हमलावर दोनों हाथी दल से अलग होकर अकेले भ्रमण कर रहे हैं। दंतैल ने झारखंड से आने के बाद 31 मार्च को शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम फलवार में गेहूं की फसल काट रहे दंपती को पटककर घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल अस्मीना अंसारी की मौत देर रात हो गई थी जबकि इलाज के दौरान उस्मान अंसारी की मौत हो गई। दंतैल 1 अप्रैल को तड़के कमिश्नर कार्यालय के प्यून दुर्गा प्रसाद की जान ले ली थी तथा वापस झारखण्ड लौट गया था। झारखंड से लौटने के बाद मंगलवार को वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम चाकी में मंगलवार को ग्रामीण की जान ले ली। एक अन्य हाथी सेमरसोत अभ्यारण्य अंतर्गत कोदोरा जंगल में फसल की निगरानी कर रहे ग्रामीण एवं प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत दलधोवा जंगल में एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला है। वन अधिकारी बता रहे हैं कि दंतैल असामान्य व्यवहार कर रहा है दिन-रात भ्रमण कर 40 किमी दूरी तक सफर कर रहा है। दंतैल ने झारखंड में भी ग्राम छतवा में जनहानि कर चुका है।

#### नहीं है आपसी समन्वय

झारखण्ड एवं बलरामपुर वनमंडल के बीच आपसी समन्वय नहीं होने के कारण हाथी जनहानि कर रहे है। जानकारों का कहना है कि झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में लोग हाथियों पर हमला कर उन्हें अप्राकृतिक रूप से सरगुजा की ओर खदेड़ते हैं। ग्रामीणों के लगातार हमले से हाथी आक्रोशित हो जाते हैं तथा उनका व्यवहार असामान्य हो जाता है। ऐसे में हाथी सरगुजा के वन क्षेत्रों में जनहानि करते हैं। वन अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर हाथियों के आवागमन के साथ ही उसके व्यवहार की सूचना भी आदान-प्रदान करना चाहिए ताकि हाथी के हमले एवं जनहानि को रोका जा सके।

#### चलाया जा रहा अभियान

प्रभावित क्षेत्रों में तीन दलों द्वारा लाउडस्पीकर से मुनादी करा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-**संतोष पाण्डेय**, परिक्षेत्राधिकारी

## खबर संक्षेप

### गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष का प्रथम सरगुजा आगमन आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का अध्यक्ष बनने के उपरांत अनुराग सिंहदेव आज अम्बिकापुर पहुंचेंगे। वे शाम 5 बजे उदयपुर पहुंचेंगे जहां उनका स्वागत किया जाएगा 5:30 बजे लखनपुर, 6 बजे अम्बिकापुर ग्रामीण, वन मंदिर 6:30 बजे, 7 बजे बिलासपुर चौक तथा 7:30 बजे घड़ी चौक पर नवनियुक्त अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव का स्वागत किया जाएगा।



### चिकित्सक पर ईट से जानलेवा हमला, वाहन में की तोड़फोड़

**अम्बिकापुर।** शिकारी रोड बौरीपारा निवासी डॉ. परमेंद्र सिंह शहर के निजी अस्पताल में चिकित्सक के पद पर पदस्थ है। बीती रात कार से घर जा रहे थे और जैसे ही गाड़ाघाट चौराहा के समीप पहुंचे तभी तीन युवकों ने उसके गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी लगाकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब चिकित्सक ने पैसा देने से इंकार किया तो युवकों ने ईट से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# धान की राशि हड़पने के 20 साल पुराने मामले में 12 आरोपियों को 3 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सहकारी समिति में धान विक्रय किए बिना समिति प्रबंधक से मिली भगत कर लाखों रूपए की शासकीय राशि हड़पने के 20 साल पुराने मामले में जिला सत्र न्या या ल य रामानुजगंज ने 12 लोगों को 3-3 साल कारावास एवं 500-500 रूपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले में पूर्व में आरोपियों को सजा सुनाई थी। आरोपियों ने प्रकरण के तथ्यों पर विचार नहीं करने की बात पर अपील की थी।

- कोर्ट के निर्णय के विरूद्ध आरोपियों ने की थी अपील

वर्ष 2003-04 में सहकारी समिति रामानुजगंज एवं कामेश्वर नगर में धान बेचने वाले किसानों को धान विक्रय राशि का भुगतान नहीं मिलने की शिकायत हुई थी। मामले में कलेक्टर ने सहायक खाद्य निरीक्षक आरएस पैकरा के नेतृत्व में दल गठित कर जांच कराई थी। जांच में सहकारी समिति कामेश्वर नगर एवं रामानुजगंज द्वारा खरीदे गए एवं विपणन संघ का आपूर्ति किए गए धान की मात्रा में भारी अंतर पाया गया था। जांच के दौरान कामेश्वर नगर समिति की पंजी में 1616.40 क्विंटल मोटा एवं 8498.40 क्विंटल कुल पतला कुल 8417.80 क्विंटल धान दर्ज पाया गया था जिसकी कीमत 48230.092 रूपए है। समिति द्वारा विपणन संघ को 8332.80 क्विंटल धान की आपूर्ति की गई जिसका भुगतान समिति को 4764180 रूपए प्रदान किया गया। समिति द्वारा कृषकों को 52055284 रूपए का भुगतान किया गया। रामानुजगंज समिति में धान खरीदी संबंधी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं हुआ विपणन संघ द्वारा समिति से 6105.90 क्विंटल धान के एवज में 3499674 रूपए का भुगतान किया गया जबकि समिति ने कृषकों को 3405284.70 रूपए का भुगतान किया गया। समिति ने कृषकों को 705610 रूपए अधिक भुगतान कर दिया। भुगतान के सत्यापन में कई किसानों को भुगतान मिलने एवं अनेक किसानों को धान की राशि नहीं मिलने वहीं कई किसानों को बिना धान विक्रय किए राशि भुगतान की पुष्टि हुई। जांच में कुछ लोगों को धान विक्रय किए बिना ही किसान फर्जी तरीके से किसान पावती हासिल करने की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ ने रामानुजगंज थाने में मामले की रिपोर्ट 23 नवम्बर 2000 को दर्ज कर विवेचना उपरांत पुलिस ने कोर्ट में चालान प्रस्तुत किया। पुलिस ने मामले में समिति प्रबंधक सहित धान विक्रय किए बिना फर्जी किसान पर्ची एवं भुगतान प्राप्त करने वाले 17 लोगों को आरोपी बनाया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई उपरांत आरोपियों को 3-3 साल के कारावास एवं 500-500 रूपए दंड की सजा सुनाई।

न्यायालय के निर्णय से असंतुष्ट आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील की। मामले में अलग-अलग पांच अपीलें लगाई गई। समिति प्रबंधक सिलबानुस लकड़ा की मौत होने के कारण उसे मामले से पृथक कर दिया गया। अपील की सुनवाई उपरांत न्यायाधीश ने मामले में न्यायालय के पूर्व आदेश को यथावत रखते हुए 3 साल के कारावास एवं 500-500 दण्ड की सजा को यथावत रखा है तथा इंद्रावतीपुर निवासी शंभू गुप्ता आ.नत्थू गुप्ता, नंदु प्रसाद आ.नत्थू राम, रामानुजगंज निवासी बसंत गुप्ता आ.बलभद्र प्रसाद, रामचंद्र गुप्ता आ.अर्जुन प्रसाद, दिनेश कुमार गुप्ता आ.रामवृक्ष प्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता आ.चतुरी साव, दीपक केशरी आ.विनोद केशरी, आलम गुप्ता आ.कपूर चंद्र साव, ओमप्रकाश गुप्ता आ.राजकुमार गुप्ता, संजय गुप्ता आ.राजकुमार गुप्ता, महेश कुमार अग्रवाल आ. स्व.नत्थूलाल को 3-3 साल कारावास एवं 500 रूपए दंड की सजा सुनाई है।

## बाइक से अनियंत्रित होकर गिरा ग्रामीण, अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** गांव में ही मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर अमदली निवासी सिंग साय आ. सुघना पहाड़ी कोरवा (41 वर्ष) गत दिन सुबह 10 बजे बाइक से राजपुर किसी काम के सिलसिले में निकला था। जैसे ही मुख्य मार्ग से समीप पहुंचा तभी बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल से रेफर करने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।





नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।





## खबर संक्षेप

### रजवार समाज का कार्यक्रम कल

**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज जिला समिति कोरिया एमसीबी सामाजिक पत्रिका समाज दर्पण वर्ष 2025 का विमोचन कार्यक्रम 10 अप्रैल को दोपहर 1:30 किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मंगल भवन परिसर ओड़गी बैकुंठपुर में आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रजवार समाज के जिला सचिव हरिप्रसाद राजवाडे ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष प्रांतीय रजवार समाज छग लखन राजवाड़े के साथ अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजित कार्यक्रम में नशा उन्मूलन पर परिचर्चा एवं व्याख्यान अतिथियों द्वारा दिया जाएगा।

### रेडक्रॉस सोसायटी में भर्ती के लिए प्रक्रिया

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में तीन पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संबंध में रेडक्रॉस जिला शाखा मनेन्द्रगढ़ द्वारा 13 मार्च को चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस), स्टाफ नर्स एवं लैब टेक्नीशियन के एक-एक पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन के अनुसार कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी पात्र एवं अपात्र सूची अब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एमसीबी के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। उक्त सूची के संबंध में जिन अभ्यर्थियों को कोई आपत्ति है, वे 12 अप्रैल की शाम 5 बजे तक संबंधित दस्तावेजों के साथ दावा-आपत्ति कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ, अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे लोग

# पहले दिन समाधान पेटी के साथ सुशासन वाहन रवाना



शुभारंभ करती जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य।



रखी गई समाधान पेटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के पहले चरण के तहत मंगलवार को कलेक्टरेट परिसर में समाधान पेटी के साथ सुशासन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर अरूण मरकाम की उपस्थिति में हुआ।

इस दौरान काफी संख्या में एनसीसी के छात्र-छात्राएं और जिला अधिकारी मौजूद रहे। रवाना किए गए इस सुशासन वाहन का उद्देश्य जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर आम जनता से उनकी समस्याएं, सुझाव, मांग और शिकायतें प्राप्त करना है। वाहन में रखी गई समाधान पेटी के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकेंगे।

### चरचा कॉलरी में सुशासन तिहार का शुभारंभ, पहले दिन 62 आवेदन



**चरचा कॉलरी।** छग शासन द्वारा जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए सुशासन तिहार 2025 की शुरूआत की गई है। इसीक्रम में शिवपुर चरचा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भी मंगलवार से समाधान शिविर की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर के पहले दिन नागरिकों से कुल 62 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, इनमें 53 मांग पत्र और 9 शिकायत पत्र शामिल हैं। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार यह आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण- 8 से 11 अप्रैल नागरिकों से समस्याएं, शिकायतें और सुझाव आवेदन पत्रों के माध्यम से लिए जा रहे हैं। द्वितीय चरण- आगामी एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण 5 से 31 मई समाधान शिविरों में जनता को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। नपा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के लिए अलग-अलग स्थानों पर कैम्प लगाए गए हैं। इनमें सुभाष नगर दुर्गा पंडाल वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक, सामुदायिक भवन, नेपाल गेट वार्ड क्रमांक 6, 7, 13, 14 व 15, नगर पालिका परिषद कार्यालय वार्ड क्रमांक 8 से 12 तक शामिल हैं। जनता की सुविधा के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समस्या समाधान पेटिकाएं भी रखी गई हैं, जहां नागरिक अपना आवेदन पत्र डाल सकते हैं। आवेदन पत्र में नाम, पता और मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने आम जनता से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपनी समस्याएं दर्ज कर समाधान की प्रक्रिया में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि सभी आवेदन पत्रों की प्राथमिकता के आधार पर त्वरित सुनवाई व निराकरण किया जाएगा।

### कोटवार लगातार गांवों में कर रहे मुनादी

मंगलवार से शुरू हुए सुशासन तिहार को आम लोगों तक पहुंचाने में गांवों के कोटवारों द्वारा लगातार मुनादी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। कोटवारों ने यह सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचे, इसके साथ ही वे चौक-चौराहे, हाट बाजार, ग्राम पंचायत, उचित मूल्य की दुकानें, होटल, पान दुकान, किराना दुकान, सायकिल स्टोर्स, मेडिकल स्टोर जैसे प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर सुशासन तिहार 2025 के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कोटवारों द्वारा समाधान पेटी में आवेदन करने और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी पढ़कर सुनाए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर सकें और अपनी समस्याओं का समाधान पा सकें।

### सुशासन तिहार के तीन चरण

सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण की शुरूआत 8 से 11 अप्रैल तक नगरीय निकाय स्तर पर वार्डो, जनपद पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत हाट बाजार और मोबाइल व्हीकल के माध्यम से आम जनता से आवेदन प्राप्त करने के रूप में की जाएगी। नगरीय निकाय व पंचायतों में समाधान पेटी, आवेदन पत्र और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की गई है। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा, जबकि तीसरे चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नागरिकों के आवेदनों पर विचार कर समाधान किया जाएगा।

### एक ही रात में शहर से 3-4 बाइक पार

# घर के सामने से बाइक चोरी, दहशत में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- पुलिस गश्ती पर उठे सवाल, सीसीटीव्ही में कैद हुई घटना



सीसीटीवी में कैद बाइक चोरी।

शहर में बाइक चोरों का गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बीती रात चोरों ने रिहायशी इलाकों कचहरीपारा और स्कूलपारा, ओड़गीनाका में धावा बोलते हुए 3 से 4 बाइक पार कर दी। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे चोरों के हौसले और पुलिस की लापरवाही दोनों ही उजागर हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शहर का सबसे रिहायशी इलाका कचहरीपारा निवासी प्रशांत शिवहरे, स्कूलपारा में शिव मंदिर के समीप एक बाइक चोरी करने के बाद इंडियन पेट्रोल टंकी के पास और प्रज्ञा टाइल्स के पीछे किराए के घर से भी चोरी की घटना हुई है। इसे लेकर पीड़ितों ने सिटी कोतवाली थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह रिहायशी है, बावजूद इसके चोर बिना किसी डर के बाइक चुराकर फरार हो गए। चोरों ने एक के बाद एक कई मकानों के सामने रखे बाइक को निशाना बनाया और आराम से निकल गए, जिससे सिटी कोतवाली पुलिस की गश्त और सतर्कता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

शहर के कचहरीपारा निवासी पार्षद धीरज शिवहरे का कहना है कि बीते कुछ समय से शहर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन सिटी कोतवाली पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, इससे लोगों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। खास बात यह है कि चोरी की वारदातें मुख्य बाजार और घनी बस्तियों में हो रही हैं, जहां आमतौर पर पुलिस गश्त होनी चाहिए। इसे लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराऊंगा।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना

कचहरीपारा के युवा व्यवसायी प्रशांत शिवहरे की बाइक घर के बाहर से चोरों ने पार कर दी। श्री शिवहरे के घर के सामने ही एक पुलिस अधिकारी का निवास स्थल भी है और चोर बड़े ही धड़ल्ले से बाइक पार निकल गए। इस मामले पर स्थानीय लोगों ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है, जिसमें चोरों की तस्वीरें स्पष्ट रूप से दिख रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि यदि पुलिस सक्रियता दिखाए तो चोरों की पहचान और गिरफ्तारी जल्द हो सकती है।

# 70 बिस्तरीय वार्ड और फिजियो थैरेपी यूनिट का भूमिपूजन

## स्वास्थ्य मंत्री बोले-जो कहता हूं वो करता हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

विश्व चिकित्सा दिवस के अवसर पर चिरमिरी पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल में 151.13 लाख रूपए की लागत से बनने वाले 70 विस्तरीय वार्डों और फिजियोथैरेपी यूनिट का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो कहता हूं वह करता हूं। आपने देखा है कि विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में जो वादा किया, उसे शत-प्रतिशत निभाया है। मंत्री श्री जायसवाल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फ बोर्ड टांगने का काम किया। पॉलिटेक्निक कॉलेज, जिला अस्पताल, एडवेंचर पार्क जैसे प्रोजेक्ट सिर्फ कागजों में रहे। हमने आते ही विकास की रफ्तार को जमीन पर उतारा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन में लिफ्ट सिस्टम भी लगाया जाएगा, ताकि मरीजों को ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने में कठिनाई न हो। ट्रांजिट हॉस्टल के लिए 1.68 करोड़ रूपए की मंजूरी मिल चुकी है। डॉक्टरों के लिए 13 करोड़ रूपए की लागत से आवासीय भवन का निर्माण किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि अमृत जल मिशन के तहत 183 करोड़ रूपए की योजना चिरमिरी की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करेगी। शिक्षा व्यवस्था को भी स्थायी और सुलभ बनाने के लिए प्रयास जारी हैं, जिसमें शुल्क और आर्थिक स्थिति के आधार पर निःशुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार की व्यवस्था होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, रानी गुप्ता, रविशंकर सिंह, द्वारिका जायसवाल, रघुनंदन यादव, शिलाकांत झा, राजू नायक, रीत जैन, मनीष पार्षद सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने कहा कि मंत्री के नेतृत्व में न केवल चिरमिरी, बल्कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी से बेहतर हो रही हैं। हम जिन कमियों को बताते हैं, उन्हें तत्परता से दूर किया जा रहा है।

### जनदर्शन में आए 22 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 8 अप्रैल को जनदर्शन में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए।

# दुष्कर्म व हत्या के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

**बैकुंठपुर।** दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र के ओम नगर में छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और निर्मम हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के नेतृत्व में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह घटना राज्य सरकार की विफलता का प्रतीक है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और महिलाएं एवं बच्चियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि दोषियों को शीघ्र सजा नहीं दी गई और गृहमंत्री पद पर बने रहे, तो कांग्रेस राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगी।

**न्यायालय-प्रधान जिला न्यायाधीश, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.नं. 904/2025
वि.व्य. अपील क्र. 08/2025
आगामी पेशी तिथि- 02.05.2025

**ईश्तेहार**

विनोद तिर्की ......अपीलार्थी

प्रति

1. प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.
2. आम जनता ------उत्तरवादीगण

इस न्यायालय में अपीलार्थी के द्वारा स्व. फादर तरसीसियुस बड़ा एवं स्व. फादर अनुरंजन केरकेट्टा के मृत्यु उपरांत समस्त देयक के भुगतान प्राप्ति हेतु अपील प्रस्तुत किया गया है।

इस संमस/नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जा रहा है, कि इस न्यायालय में तारीख पेशी 02/05/2025 को दिन शुक्रवार को ठीक 11.00 बजे सुबह खुद या ऐसे अधिवक्ता के मार्फत जो मुकदमे में कुल हाजिर सवालात दे सके, या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति मौजूद हो, कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके, मुकदमे का जवाब देने हेतु हाजिर हो सके।

आपको ताकिद की जाती है, कि यदि आप उक्त तारीख पर हाजिर नही होते है, तो आपके गैर हाजिर मुकदमे की सुनवाई होकर फैसला किया जायेगा यदि तिथि को न्यायालय का काम-काज बंद रहता है, तो ठीक पश्चात न्यायालय के अगले कार्य-दिवस पर मामले की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया। ।

(के.एल. चरयाणी)
प्रधान जिला न्यायाधीश
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नवराज सिंह बाबरा आ.स्व. पृथ्वीराज सिंह बाबरा, निवासी देवीगंज रोड़, अम्बिकापुर जिला सरगुजा, के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक एवं आवेदक की माता श्रीमती सुरेन्द्र कौर पति पृथ्वीराज सिंह बाबरा के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नजूल भूमि, शीट नं. 03. मोहल्ला देवीगंज रोड़ स्थित प्लॉट नं. 1163/26 रकबा 1638 वर्गफीट भूमि है। सह भूधारक श्रीमती सुरेन्द्र कौर की मृत्यु दिनांक 10.09.2024 को हो गयी है। अतः सह भूधारक की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से सह भूधारक श्रीमती सुरेन्द्र कौर का नाम विलोपित कराने हेतु भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

डॉ. तुषार जैन
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोराना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, M.D., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थॉयराईड हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु

दिनांक - 13 अप्रैल 2025 दिन - रविवार, सुबह 11 बजे से 3

डॉ. दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., डी, आर्थो (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग संबंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनांक - 11 अप्रैल 2025
दिन - शुक्रवार, सुबह 11 से 3

निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 73542 60555

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर
थायरॉइड
ब्लडप्रेशर
मोटापा
स्ट्रोक (लकवा)
एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ)
टाइफाइड
निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन)
मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द)
कमर दर्द
UIT (पेशाब में जलन)
पैरों में जलन या सूजन
अनियमित महावरी
बालों का झड़ना
शरीर में ज्यादा बालों का होना
माइग्रेन (सर में दर्द)
गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 23 अप्रैल 2025 दिन - बुधवार
आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
पेशाब रास्ते का सिकुड़न
किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.)8225888500
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
रविवार, 27 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

अब आपके शहर अम्बिकापुर में
एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन - शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
नोट:- डॉ.साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धन्जल कॉम्प्लेक्स, रिंग रोड, अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP-5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
Interventional Pain Physician Trained in Advance Pain management Procedure from Balaji Action Hospital Delhi, Daradia Pain Management Centre Kolkata.
98277 31775, 8269905199
बिना ऑपरेशन के पीठ दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, गर्दन दर्द एवं अन्य दर्द का इलाज वर्तमान में प्रचलित पद्धति एवं आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
गर्दन दर्द, कन्धे का दर्द, कमर दर्द, स्लिप डिस्क एवं साइटिका, ट्रायजेमिनल- न्यूरलाजिया, पसलियों का दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द/कैंसर संबंधी दर्द (Chronic Pain), किसी भी प्रकार का तीन महीने से पुराना दर्द जो कि दवाईयों या फिजियोथेरेपी से ठीक नहीं हो पाता है उसका इलाज पैन मैनेजमेंट पद्धति द्वारा किया जाता है।
Endoscopic Discectomy / Disc FX Procedure- सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
Ozone Therapy- स्लिप डिस्क/साईटिका का ओजोन द्वारा इलाज
PRP (Platelet Rich Plasma) Therapy (Regeneration Therapy)- जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द Planter Fascitis एवं अन्य प्रकार के Tendinopathies
Radiofrequency Ablation (RFA)- दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज
म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. बी. मिंज अब सिटी हॉस्पीटल अम्बिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार (अगले माह 13 अप्रैल 2025) को उपलब्ध रहेंगे
समय : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
8770826055, 7987664630

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
TEJ Taj Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता - MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा - MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता - MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले - MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

8 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/8/2025 9:40 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पूर्व पार्षद का आरोप ग्राम सुराज से आए आवेदनों को कचरे के डब्बे में डाला गया

**राजपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को लेकर निर्दलीय पार्षद ने गंभीर आरोप लगाए है। वार्ड क्रमांक 9 से पार्षद राजन त्रिपाठी का आरोप है कि यह सुशासन नहीं कुशासन दिवस है। पूर्व में भी यहां ग्राम सुराज योजना के तहत आवेदन मंगवाएं गए थे जिन्हें कचरे के डब्बे में डाल दिया गया और किसी भी शिकायत का निराकरण नहीं हुआ। पार्षद के आरोप पर नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि नागरीय निकाय सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि नगर व ग्राम के अंतिम छोर के व्यक्ति है उसका भी समस्या का समाधान हो इसके लिए नगर पंचायत व पंचायत में आवेदन लेने का क्रम रखा गया है जिसके बाद वार्डों में जाकर शिविर लगाकर अंतिम छोर के व्यक्ति के समस्या का समाधान करना है। निर्दलीय पार्षद का क्या काम नहीं हो पाया है ये तो वही बता पाएंगे। पूर्व पार्षद प्रदीप जायसवाल ने कहा कि सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है बार बार जनता की मांग को मानकर कार्यों को पूर्ण कर रही है। निर्दलीय पार्षद का कौन सा काम नही हुआ ये तो वही बता पाएंगे। इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ रविन्द्र लाल ने कहा कि निर्दलीय पार्षद का आरोप निराधार है। प्रक्रिया के तहत आवेदन को संभाल कर रखा जाता हैं और संबंधित विभाग को प्रेषित कर समस्या का समाधान किया जाता है। बता दें कि 8 अप्रैल से शुरू हुए सुशासन तिहार का पहला चरण 11 अप्रैल तक चलेगा।

### साइकिल रैली निकाल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक




**सूरजपुर।** फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज" नारे के साथ पुलिस ने सायकल रैली निकालकर नागरिकों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया और साइकिल चलाने को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने रविवार को पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारी, पुलिस लाईन के अधिकारी व जवानों के साथ बड़े उत्साह के साथ साइकल रैली निकाली। रैली ग्राम पर्री, भैयाथान रोड़, केतका रोड़ व मनेन्द्रगढ़ रोड़ में फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज का नारे लगाते हुए निकाली गई। साइकिल रैली में एएसपी संतोष महतो, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे सहित पुलिस लाईन के अधिकारी व जवानों ने हिस्सा लिया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव साइकिलिंग संडे फिट इंडिया के तहत स्वास्थ्य, फिटनेस की ओर नागरिकों को जागरूक करने हेतु साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना है। इसी के तहत आज पुलिस के अधिकारी व जवानों ने नगर में साइकिलिंग किया गया। उन्होंने साइकिल रैली के माध्यम से नागरिकों से दैनिक दिनचर्या में थोड़े समय के लिए ही सही, अपने बाईक व चारपहिया वाहनों का उपयोग कम कर, प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा साइकिल चलाने की बात कही। साथ ही बताया कि यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है।

### समभाव ने मंदिरों में व्रती महिलाओं को किया फल वितरित



**अम्बिकापुर।** सभी समाज की महिलाओं का साझा संगठन समभाव महिला मंच ने नवरात्रि पर मंदिरों में व्रती महिलाओं को फल वितरित किया। संगठन की सदस्यों ने तीन दल गठित कर गौरी मंदिर, दुर्गा मंदिर में फल का वितरण किया। दुर्गा मंदिर में, वंदना दत्ता के साथ, नीलिमा मिश्रा, ज्योति चोपड़ा, अनुभा डबराल, श्रद्धा सोनी, सपना चोपड़ा, शबनम खानम, स्मिता तिवारी, रीता चोपड़ा, कुंजबला जायसवाल, हिना परवीन, अंजुम शमीम, संगीता गुप्ता, लिलि कहकशा, रेखा गुप्ता, अंजना परिहार, ममता सिंह, सुनीता चोपड़ा, समलाया मंदिर में संजीता स्वर्णकार के साथ आशा राणा, अनीता मंडलवार, नमिता चावला, तुलसी शर्मा, सुनीता लाल, सीमा सिंह, रेखा इंगोले, अलका इंगोले, चेतना मुंजे एवं गौरी मंदिर में स्वेता गुप्ता के साथ मधु चौदह, जयंती तिवारी, ज्योति द्विवेदी, रीना जायसवाल, हिना रिजवी उपस्थित रहीं।

### बाइक भिड़ंत में एक ग्रामीण की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम करकली निवासी भूषण भगत (30 वर्ष) गत दिन भतीजा मनोज के साथ किनारा दुकान सामान लेने गया था। सामान लेने के पश्चात वापस लौटने लगा तभी राजपुर मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में भूषण भगत व मनोज घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायलों को शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान भूषण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

---

### पट्टे की भूमि को शासकीय भूमि बता राजस्व विभाग ने लगाई रोक

# स्वीकृति के चार माह बाद भी ग्रामीण को नसीब नहीं हुआ पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

गरीबों का घर पक्का हो इस उद्देश्य से प्रधान मंत्री आवास योजना संचालित की गई। योजना का लाभ शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीणों क्षेत्र के गरीब परिवारों को न सिर्फ मिला है बल्कि उनके कच्चे मकान अब पक्का मकान में तब्दील हो रहे है। योजना का कई लोगों को लाभ मिला परंतु बतौली क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर निवासी एक ग्रामीण का पीएम आवास स्वीकृत होने तथा निर्माण शुरू हो के बाद शिकायत पर राजस्व विभाग द्वारा पट्टे की भूमि को शासकीय भूमि बताकर निर्माण पर रोक लगा दी। ऐसे में पीएम आवास स्वीकृत के बावजूद ग्रामीण को चार माह बाद भी पक्का मकान नसीब नहीं हो सका। पीएम आवास के आधे अधूरे होने के कारण गरीब परिवार झोपड़ी में जीवन यापन करने को मजबूर है।

**खास बात**
- झोपड़ी में रहने को मजबूर ग्रामीण, भटक रहे दर-दर

बतौली तहसील अंतर्गत ग्राम बिलासपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सोभन नगेशिया आ. दौलत नगेसिया चार माह पूर्व पीएम आवास स्वीकृत हुआ था। पीएम आवास स्वीकृत होने पर ग्रामीण द्वारा निर्माण कराने सामग्री क्रय करते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिया। प्लिंथ लेवल तक का कार्य हो चुका था तभी बिलासपुर में गुड फैक्ट्री का संचालन कर रहे विनोद तोमर द्वारा तहसील कार्यालय आवेदन देकर शोभन नगेशिया आ.दौलत की पट्टे की भूमि कूट रचना करते हुए शासकीय भूमि का बताया और पीएम आवास निर्माण पर स्टे लगाने का आदेवन दिया। जिस पर हल्का पटवारी मनीष सिंह द्वारा मौका जांच में निजी पट्टे की भूमि को शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा बताते हुए भूमि स्वामी को प्रधानमंत्री आवास निर्माण को बंद करवा दिया गया। पीड़ित ग्रामीण द्वारा पट्टा का दस्तावेज प्रस्तुत किया लेकिन प्रधानमंत्री आवास पर 12 दिसंबर को स्थगन आदेश जारी कर दिया गया जो अब जांच का विषय बन गया है।



निर्माणाधीन पीएम आवास।

**आवास बनने के इंतजार में ग्रामीण**

अब प्रधानमंत्री आवास हितग्राही को है अपने आवास को बनाने दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है। पीएम आवास निर्धारित समय में बनाना है। ऐसे में निर्माण कार्य पर रोक लग जाने से अब ग्रामीण को पक्का मकान बनना सपना हो गया है। ग्रामीण का कहना है कि पिछले चार माह से कार्यालय का चक्कर लगा रहे है बावजूद इसके निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। ऐसे में परिवार के साथ झोपड़ी में रहने को मजबूर है।

**बरसात में होगी परेशानी**

योजना के मुताबिक ग्रामीणों के मकानों का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करना है। परंतु कुछ माह काम चले के पश्चात मकान निर्माण का कार्य स्टे लग जाने के कारण बंद हो गया। निर्माणाधीन पीएम आवास बारिश, धूप से जर्जर होने के साथ खंडहर में तब्दील हो जाएगी। मकान के पूर्ण नहीं होने से ग्रामीण पीएम आवास से न सिर्फ वंचित है बल्कि झोपडी पर प्लास्टिक बोरी ढक कर रहने को मजबूर है जिससे उन्हें बारिश के मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कराई जाएगी जांच**

पीएम आवास जिस भूमि पर बन रहा है वह पट्टे की है या शासकीय भूमि है इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-**तारा सीदार**, तहसीलदार बतौली

---



## निर्माणाधीन पीएम आवास का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केंद्र एवं राज्य सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसकी सतत निगरानी एवं समीक्षा हो इसे लेकर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत जूर, सिरसी, खोपा एवं कसकेला में पीएम आवास के तहत बन रहे घरों का निरीक्षण किया।

उन्होंने पीएम आवास के पूर्णता, स्वीकृति, आवास प्लस सर्वे एवं हितग्राहियों के भुगतान आदि की जानकारी अधिकारियों से ली। हितग्राहियों से बात करने के दौरान उन्होंने जल्दी आवास पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हितग्राहियों के मिस्त्री की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ एवं तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया। आवास प्लस के तहत चल रहे सर्वे के लिए निर्देशित किया गया कि समस्त पात्र परिवारों का सर्वे 30 अप्रैल तक पूर्ण हो जाए। जिले में बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत हुए है, जिन्हें अविलंब समय पर पूर्ण करने का राज्य से लक्ष्य प्राप्त है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी। इसी प्रकार अगर हितग्राही द्वारा कार्य कर लिया जाता है तो उनके अगले किस्त का भुगतान तत्काल जारी कर दिया जाए। अभिसरण से मिलने वाली 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि भी हितग्राहियों को निर्माण के आधार पर प्रदाय कर दिया जाए। बैंको से समन्वय कर राशि जल्द प्राप्त होने की व्यवस्था करने के साथ साथ हितग्राहियों के आवासों में मार्गदर्शिका अनुसार लोगो लगाने के लिए निर्देशित किया गया। चौपाल के माध्यम से एक एक हितग्राही एवं वार्ड पंचों से आवास निर्माण के लिए चर्चा किया गया। इस दौरान एसडीओ आरईइस, पीओ मनरेगा, बीसी पीएम आवास, तकनीकी सहायक, सरपंच, आवास मित्र एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

---

## नशे से दूर रहने दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दरिमा में नशामुक्ति जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में एएसपी श्री ढिल्लों ने कहा कि नशे की लत से हमें स्वयं दूर रखने के साथ अपने परिवार, गांव, समाज को नशे से दूर रखने का प्रयत्न करना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। संकल्प लें कि हमारे परिवार में कोई नशा नहीं करेगा।

नवा बिहान टीम नशामुक्ति जागरूकता हेतु सतत प्रयासरत है। सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका विद्या दीदी ने कहा कि हम सबका परम कर्तव्य है कि हम मिलकर नशे के व्यसन को अपने जीवन, परिवार एवं समाज से दूर रखें। आध्यात्मिकता से परिपूर्ण जीवन सभी समस्याओं का समाधान है। अभियान के संयोजक मंगल पाण्डेय ने कहा कि आज अधिकतर युवा नशे से प्रभावित है। नशे के कारण युवा विभिन्न सामाजिक बुराइयों में संलिप्त हो रहे हैं। जिससे देश की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। नवा बिहान की टीम शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी हस्तक्षेप कर रही है। अधिवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि नशा एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से समुदाय को दूर रखने के लिए केवल कानून ही पर्याप्त नहीं है बल्कि स्वैच्छिक एवं आध्यात्मिक संगठन, सिविल सोसायटी एवं मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए बीके संजू बहन ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन बीके ममता बहन ने किया।

---

## नपं शिवनंदनपुर में सुशासन तिहार के पहले दिन प्राप्त हुए समस्या संबंधी आठ आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समस्या संबंधी आवेदन पत्र हेतु शिविर का आयोजन कार्यालय भवन में किया गया है।

नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है, जिसके प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक नगरवासियों के समस्या संबंधी आवेदन लिया जाएगा। द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदन का निराकरण 1 माह के अंतराल में होगा और तृतीय चरण समाधान शिविर 5 मई से 31 मई तक प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदनकर्ता को दिया जाएगा। शिविर के प्रथम चरण में नगर पंचायत शिवनंदनपुर कार्यालय में नगरवासियों द्वारा मंगलवार को समस्या से संबंधित आवेदन पत्र सामाधान पेटी के माध्यम से जमा किया गया, जिसमें 8 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। सुशासन तिहार के पहले दिन ही शिविर में पिलखा नायब तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील सिन्हा, राजस्व पटवारी संतोष सिंह, नगर पंचायत संचालन समिति अध्यक्ष कृष्ण गोयल बल्लु, उपाध्यक्ष श्यामू साहू, सदस्य क्रमशः शितिकांत स्वांई,मनी बग्गा,अनिता सिंह, प्रमिला साहू, धर्मेन्द्र गुप्ता समेत नगरवासी उपस्थित हुए।



---

### विधायक प्रबोध मिंज ने किया विकास कार्यों का भूमि पूजन

**अंबिकापुर।** सोमवार को विधायक प्रबोध मिंज ने जनपद पंचायत लुण्ड्रा में 4.27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्यों में 56.6 लाख का ग्राम पंचायत उदारी हाट बाजार निर्माण, ग्राम पंचायत असकला में 67.69 लाख का, 56.65 लाख का ग्राम पंचायत लमगांव में हाट बाजार निर्माण एवं 2.46 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत बटवाही के करीलधोवा नाला पर एनीकट सह पुलिया निर्माण शामिल है। भूमि पूजन के दौरान ग्राम बटवाही में विधायक श्री मिंज ने कहा एनीकट एवं अन्य निर्माण किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा तथा जल स्तर ऊपर उठेगा। आसपास के क्षेत्र मुख्य मार्ग से जुड़ जाएंगे एवं आवागमन के लिए लाभदायक होगा। हाट बाजार बनने से क्षेत्रवासियों को अच्छी सुविधाएं मिलेगी। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पावले, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती कंचन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, उदारी सरपंच श्रीमती सीमा पैकरा, असकला सरपंच लखेश्वर पैकरा, जगेश्वर पैकरा, राहुल चोपड़ा जयंत मिंज, अभिषेक पावले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



---

## स्थापना दिवस पर मीसा बंदियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के स्थापना दिवस पर अंबिकापुर नगर के राजमोहिनी देवी वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद मनोज गुप्ता के नेतृत्व में मीसा बंदियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, ननि सभापति हरविंदर सिंह टिन्नी, वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद आलोक दुबे सहित अन्य शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। सम्मान समारोह में मीसाबंदी पूर्व विधायक देवेश्वर सिंह, परमात्मा सिंह, श्रीमती देवेंद्र कौर, त्रिवेणी राम कश्यप, किरण मिश्रा, जमुना लाल श्रीवास्तव को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं उनके योगदानों को याद किया गया। पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि भाजपा के महापुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंत्योदय की बात करते थे यानी अंतिम व्यक्ति तक का विकास। जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा भारत पूर्ण रूप से विकास की श्रेणी में नहीं आएगा।आज भाजपा सरकार पंच से लेकर पार्लियामेंट तक अभूतपूर्व जीत दर्ज की है। कहीं ना कहीं उक्त महापुरुषों ने जो कल्पना की थी अब वह पूरा होता दिख रहा है। मीसा बंदियों के सम्मान समारोह उपरांत संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमें भाजपा के रीति-नीति पर चर्चा हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता करता राम गुप्ता, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, काशीनाथ तिवारी, एमएम मेहता, हरिशंकर, तृप्ति श्रीवास्तव सहित वार्ड के निलेश, विजय, अंकित, दिनेश पाण्डेय, सीएस तिवारी, अनिल तिवारी व अन्य मौजूद थे।

**विधायक कार्यालय में मना भाजपा का स्थापना दिवस**



**सीतापुर।** भाजपा का 46वां स्थापना दिवस विधायक कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए पार्टी का ध्वज फहराया। इसके बाद जनसंघ के समय से नगर समेत क्षेत्र में भाजपा को स्थापित करने वाले बुजुर्ग नेताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने विधायक कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के पांव पखारे। उसके बाद उन्होंने शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों से भाजपा की सेवा करने वाले वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज इनके द्वारा तैयार की गई पृष्ठभूमि की वजह से सीतापुर विधानसभा में कमल खिला है। आजादी के बाद पहली बार यहां से भाजपा को जीत मिली है। भाजपा के उम्मीदवार के रूप में मैंने जीत दर्ज की पर इसके पीछे हमारे वरिष्ठ और अनुभवी नेता एवं कार्यकर्ताओं का हाथ है। इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### ठेले, गुमटी एवं बेतरतीब खड़े वाहनों से बिगड़ रही व्यवस्था

# अव्यवस्थित पार्किंग बनी समस्या, आए दिन लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



नगर पंचायत में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड और प्रमुख मार्गों पर अवैध रूप से खड़े ठेले, गुमटी और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

नगर पंचायत क्षेत्र में कई जगहों पर बिना अनुमति ठेले और गुमटी संचालित हो रहे हैं। इन दुकानों के चलते सड़क की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। खासकर सब्जी मंडी, मुख्य चौक और बस स्टैंड के आसपास अव्यवस्था चरम पर है। यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चालक मनमाने तरीके से अपने वाहन कहीं भी पार्क कर देते हैं। बेतरतीब खड़े ऑटो, बाइक और कारों के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है। सबसे अधिक परेशानी एंबुलेंस और स्कूल बसों को हो रही है, जिन्हें कई बार घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नगरीय प्रशासन और यातायात पुलिस की निष्क्रियता के कारण लोग मनमानी कर रहे हैं। नगर में यातायात पुलिस की तैनाती है, लेकिन उसकी भूमिका मात्र औपचारिकता बनकर रह गई है। सड़कों पर यातायात को नियंत्रित करने के बजाय पुलिसकर्मी लोगों की मनमानी के सामने बेबस नजर आते हैं। कई बार अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर विवाद भी हो चुका हैं लेकिन इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। इस संबंध में नपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र बहादुर पटेल ने बताया कि अवैध रूप से संचालित ठेले और गुमटी संचालकों को नोटिस दी गई है। एक सप्ताह के भीतर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

## कलेक्टर ने ग्राम अजबनगर पंडोनगर का किया दौरा

**बिश्रामपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण के अवलोकन के लिए सूरजपुर कलेक्टर ने मंगलवार को ग्राम अजबनगर और पंडोनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी भूमि संबंधी तथा अन्य शिकायतों को सुनकर समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने की बात कही।कलेक्टर ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे सुशासन तिहार का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं, ताकि समयबद्ध रूप से उनका निराकरण किया जा सके। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। इसके तहत 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से शिकायतें प्राप्त की जाएंगी, जिनका समाधान एक माह के भीतर किया जाएगा। इसके पश्चात 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन कर शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान अजबनगर व पंडोनगर के सरपंच के अलावा सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



8 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/8/2025 9:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### नव निर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**राजपुर।** जनपद पंचायत के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने निर्वाचन के लम्बे समय के बाद मंगलवार को शुभ मुहूर्त में अपना पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण के दौरान जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहां कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव से पहले आह्वान किया था कि पंच से लेकर पार्लियामेंट तक हमारी सरकार बननी चाहिए और जनता ने दिल खोलकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया। जनता के मतदान के भाजपा के सभी लोग जीत कर आए हैं। गांव के लोगों का जन समर्थन मिल रहा है, गांव में लोगों के लिए विकास कार्य कैसे तेजी से किया जा सके, इसके लिए हम नई पहल करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक नई योजना बनाई है और तिथि निर्धारित की गई है। सुशासन दिवस में पहले लोगों का समस्या सुनी जाएगी। इसके लिए जनपद स्तर से पांच पांच पंचायत का क्लस्टर बनाया गया है। इस क्लस्टर में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारी चल रही है। बीते 5 वर्षों से बंद पड़ी प्रधानमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही चालू किया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने आवास की स्वीकृति के बाद गांव गांव में अब तेजी से बनना प्रारंभ हो गया है। इस अवसर में जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि थे।

### नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में मना भाजपा स्थापना दिवस



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 11 में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी द्वारा इस अवसर को किस प्रकार से मना रही है की जानकारी नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने दी। 46 वें सुशासन दिवस के रूप में मनाने के उद्देश्यों व विचारों को इंजी. विनय सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, अनूप सिन्हा एवं श्यामा पांडेय ने कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन सूरज सेठी ने किया व आभार वार्ड नंबर 11 के पार्षद रविशंकर बउवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र पासवान, सुबोध सिंह, पार्षद पप्पू विश्वकर्मा, अंकित सिंह चौहान, कन्हाई विश्वास, अलंकार नायक, सुनील सिंह, राज सिन्हा, निराकार नायक, राजू मौर्य, पंकज राय, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, पूजा सिंह, मुकेश राय व अन्य उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार यात्रा की शुरुआत, हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**लखनपुर।** जनपद पंचायत में विष्णु देव सरकार की सुशासन तिहार की यात्रा को हरिझंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। सुशासन तिहार तीन चरणों में मनाया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक जनता अपनी समस्या दर्ज कराएं, अपने अधिकार की आवाज़ बनें। द्वितीय चरण में एक माह के भीतर आवेदन का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सौरभ अग्रवाल ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। वहीं जिला पंचायत सदस्य द्वारा अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों के सरपंच, रोजगार सहायक एवं कोटवार को फोन के माध्यम से आग्रह किया कि सभी इस त्यौहार का लाभ ले सके। दिनेश बारी द्वारा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि पंचायतों में जाकर शिविर के दौरान विशेष ध्यान दिया जाए ताकि ग्रामीणों को इस त्यौहार का लाभ मिल सके। इस दौरान सीईओ जनपद वेदप्रकाश पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सौरभ अग्रवाल, चंद्रिका यादव, महेश्वर रजवाड़े, घरभरन रजवाड़े आदि मौजूद थे।

### महिला समिति ने समीप के सात गांवों में शुरू कराया प्याऊ



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा ममता तिवारी की अगुवाई में महिला समिति ने भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के सात अलग अलग स्थानों क्रमशः उन्नति क्लब गेट के समक्ष, रेहर खदान,गायत्री खदान,केतकी खदान के समीप आमगांव,अमेरा उप क्षेत्रीय कार्यालय समीप, कुमदा,बलरामपुर खदान समीप प्याऊ का शुभारंभ कर आमजनों व कोल कर्मियों को राहत देने का प्रयास किया है।इन सभी स्थानों में राहगीरों के लिए ठंडा पानी,नींबू शरबत की व्यवस्था की गई है।इसके अतिरिक्त रेहर,गायत्री,केतकी खदान के पास रहने वाले ग्रामीणों को 95 नग मिट्टी का घड़ा वितरित कर भीषण गर्मी से कुछ राहत देने की कोशिश की गई है ,साथ ही गर्मी में बेहाल पशु पक्षियों के लिए जलकुंड की व्यवस्था कई जगह कराई गई।उक्त आयोजन में महिला समिति के पदाधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहे ।

## बेदखली की नोटिस मिलने से मचा हड़कंप

# मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि पर अतिक्रमण, 26 लोगों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए आबंटित जमीन पर अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन की ओर से नजूल तहसीलदार ने 26 लोगों को नजूल भूमि से बेदखली का नोटिस जारी किया है। बेदखली का नोटिस जारी होने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है और अब लोगों ने इसके खिलाफ महापौर को ज्ञापन सौंपकर मदद की गुहार लगाई है। लोगों का कहना है कि वे वहां वर्षों से रह रहे है ऐसे में वे अपने स्थान से कहीं नहीं जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कार्रवाई के एक दिन पहले ही नोटिस मिलने की बात कही है।

**खास बात**

- वर्षों से मकान बनाकर रह रहे है लोग

बताया जा रहा है कि नगर निगम अंतर्गत गंगापुर खुर्द में खसरा नम्बर 1/1 में लगभग 3.41 हेक्टेयर भूमि का आबंटन जिला प्रशासन द्वारा राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को किया गया है। उक्त भूमि पर मेडिकल कॉलेज प्रबन्धन द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों की कार्य योजना बनाई जा रही है लेकिन इस निर्माण कार्य में एक बड़ी बाधा अतिक्रमण है। क्षेत्र में उक्त भूमि पर बड़े पैमाने पर लोगों ने अपना मकान बनाया हुआ है और 50 से 60 परिवार इस भूमि पर निवास कर रहे है और यही वजह है कि मेडिकल कॉलेज को भूमि आबंटित होने के बाद भी जमीन प्रबंधन के काम नही आ रही है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पूर्व में ही जिला प्रशासन से इस मामले में शिकायत करते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। जिला प्रशासन के साथ ही नजूल विभाग द्वारा उक्त भूमि को लेकर अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए और उनके दावों की सुनवाई की गई। सुनवाई के बाद अब तहसीलदार नजूल ने इस मामले में लगभग 26 अतिक्रमणकारियों को एकमुश्त नोटिस जारी किया है।



महापौर से चर्चा करते प्रभावित लोग।

**क्या कहा गया है नोटिस में**

नजूल तहसीलदार द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि गंगापुर खुर्द में खसरा नम्बर 1/1 में नजूल भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। सुनवाई के दौरान उक्त कब्जे के संबंध में कोई वैध दस्तावेज अनावेदकों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसे में उन्हें कहा गया है की वे 8 अप्रैल तक उपरोक्त नजूल भूमि से अपना कब्जा स्वयं हटा लें अन्यथा उक्त तिथि के पश्चात कभी भी बिना किसी सूचना के कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण स्थल की सामग्री भी राजसात कर लिया जाएगा। नजूल अधिकारी द्वारा यह नोटिस 4 अप्रैल को जारी किया गया है लेकिन गंगापुर खुर्द के अतिक्रमण कारियों का कहना है कि उन्हें यह नोटिस 7 अप्रैल को मिला है और उन्हें एक बार फिर से सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए।

**महापौर से की मुलाकात**

नोटिस जारी होने के बाद नजूल भूमि पर काबिज लोग पूर्व पार्षद बालकेश्वर तिर्की के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने महापौर श्रीमती मंजूषा भगत से मुलाकात की। लोगों का कहना है कि वे विगत 20-25 वर्षों से उक्त भूमि पर निवास कर रहे है। इससे पहले यह भूमि ग्राम पंचायत में थी। अब उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के एक दिन में मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है और अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतानवी दी गई है। हालांकी प्रशासन द्वारा 26 लोगों को नोटिस जारी करने की बात कही जा रही है लेकिन लोगों का कहना है कि 50 से अधिक लोगों को नोटिस मिला है। उनका कहना है वे वर्षों से उक्त भूमि पर रह रहे है और सरकार उन्हें उक्त भूमि का पट्टा बनाकर दें। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें सिर्फ झूठा आश्वासन दिया गया लेकिन अब उन्हें पट्टा दिया जाए या व्यवस्थापन के तहत व्यवस्था दी जाए।

**की जाएगी कार्रवाई**

अवैध अतिक्रमण को लेकर सुनवाई के बाद अंतिम नोटिस जारी किया गया है। उन्हें पूर्व में पर्याप्त समय दिया गया है, उसके बाद ही बेदखली का नोटिस जारी हुआ है। कुल 26 नोटिस जारी किए गए है। अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

-जयेंद्र बघेल
तहसीलदार नजूल

# चोरी का कोयला बाइक से ले जा रहे युवकों को पकड़कर सौंपा पुलिस को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रेहर गायत्री खदान सहित आमगांव खुली खदान में कोयला चोरों की सक्रियता इन दिनों खासी बढ़ी हुई है। खदान क्षेत्र के नजदीकी गांव के स्थानीय युवकों का समूह गैंग बनाकर खदानों में दिनदहाड़े कोयला चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है जो बाइक समेत अन्य छोटे मालवाहक वाहनों से खदान से चुराया कोयला लोड कर ले जाते हैं।

- दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज,एक मौके से हुए फरार

मंगलवार को कंपनी के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सशस्त्र बल के जवानों के साथ कोयला चोरों की धरपकड़ में निकले थे तभी ग्राम कुरवाँ मार्ग पर तीन बाईक सवार जो बोरो में कोयला भर बाइक में लोड कर बिश्रामपुर की तरफ आ रहे थे, जिन्हें टीम ने रुकवाकर पकड़ा,तत्पश्चात इनको बिश्रामपुर थाना ले जाया गया,इस दौरान एक बाइक सवार मौके से भाग निकला।बिश्रामपुर पुलिस ने कंपनी के सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक की रिपोर्ट पर डेडरी निवासी युवक गुलाब रजवार पिता भैयालाल रजवार 19वर्ष, डोलेस्वर रजवार पिता चतुर राम रजवार 21 वर्ष के खिलाफ धारा 303(2),3(5) बी एन एस के तहत अपराध दर्ज किया है। बिश्रामपुर पुलिस के मुताबिक तीसरी बाइक बिना नंबर की है इस मामले में पकड़े गए आरोपियों से साथी के संबंध में पूछताछ कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।



**सूरजपुर कोतवाली पुलिस को सौंपा गया**

कोयला चोरी मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर गायत्री खदान को सूरजपुर कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला बताते हुए आरोपियों समेत प्रकरण को जांच कार्यवाही के लिए सूरजपुर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है।बता दें कि रेहर गायत्री व आमगांव इन तीनों खदानों से चुराया हुआ कोयला बिश्रामपुर इलाके में विक्रय किया जाता है।एनएच समीप संचालित होटल ढाबों,मिनी कारखानों समेत रामनगर -करंजी क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों में रोजाना कई क्विंटल अवैध चोरी किये कोयले की खपत की जा रही है।

# रामनवमीं के अवसर पर निकाली गई राम दरबार झांकी




**रामानुजगंज।** चैत्र नवरात्रि के रामनवमी के अवसर परनगर में भव्य राम दरबार की झांकी निकाली गई। ऐतिहासिक जुलूस में लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। दर्जनों राम दरबार की झांकी के साथ निकले जुलूस की भव्यता देखते बन रही थी। जुलूस में उमड़ी भीड़ के कारण करीब डेढ़ किलोमीटर से अधिक लंबा लाइन लग गया। शाम से निकली जुलूस देर रात तक पूरे नगर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहे। नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित रामनवमी महोत्सव में देश के संत एवं कथावाचक सतानंद महाराज सम्मिलित हुए। उन्होंने नगर में रामनवमी के अवसर पर निकले जुलूस की जमकर प्रशंसा की।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के प्रमुख रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में रामनवमी के अवसर पर निकले ऐतिहासिक जुलूस में 10 हजार से अधिक लोग सम्मिलित हुए। नगर के वार्ड क्रमांक 11 के प्राचीन हनुमान मंदिर से रामनवमी का जुलूस पूजा अर्चना के साथ निकला। इस दौरान भगवा एवं पीले वस्त्र साथ जुलूस में सम्मिलित होने के लिए साफा पहन कर निकले जिसका आकर्षण देखते बना। गांधी मैदान में बीसी पार्टी के पिछले वर्ष के समान इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर में रामनवमी के अवसर पर निकले ऐतिहासिक जुलूस में आस्था के कई रंग देखने को मिले सबसे अलग रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में हाथ में तलवार लेकर शौर्य का प्रदर्शन कर रही युवतियां दिखी। देर शाम भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के गायक राजेश जायसवाल सहित उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से आए कलाकारों द्वारा गाए गए भक्ति गीत ने लोगों का मन मोह लिया और देर रात तक लोग झूमते रहे। राम दरबार की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र लोगों के लिए रही। 16 राम दरबार की झांकियां निकाली गई जिसमें प्रथम नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति की झांकी आई जिसे 35 हजार नगद वहीं द्वितीय ओंकारेश्वर महादेव मंदिर समिति, सत्य साईं महिला ग्रुप, संगिनी ग्रुप तीनों समितियां को 25-25 हजार रुपये नगद प्रदान किए गए। इसी प्रकार तृतीय प्रगति वन महिला स्वयं सहायता समूह, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल एवं गायत्री विद्या मंदिर, हिंदू युवा एकता मंच तीनों को 15-15 हजार रुपए नगद प्रदान किए गए वहीं सभी झांकियां को 5-5 हजार नगद रुपए प्रदान किए गए।

### रामनवमीं पर निकाली गई शोभायात्रा, शिव तांडव और राधा-कृष्ण झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र

**भटगांव।** जरही नगर पंचायत में राम नवमी के अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से पहले शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान के ध्वज की पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। झांकी में स्थानीय बच्चों को भगवान के रूप में सजाया गया था, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बन गया। शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर न्यू शक्ति नगर, हनुमान मंदिर रोड, डीएवी कॉलोनी, ऊर्जा नगर होते हुए मुख्य बाजार रोड और जरही चौक पर संपन्न हुई। नगर में जय श्रीराम के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। उत्तर प्रदेश से आए शिव तांडव और राधा-कृष्ण झांकी ने सबका मन मोह लिया। शिव तांडव और राधा-कृष्ण की झांकी ने नगर वासियों का ध्यान आकर्षित किया। यह पहली बार था जब इतनी भव्य झांकी शोभायात्रा में शामिल की गई, जिससे लोगों की भारी भीड़ देखने उमड़ पड़ी। शोभायात्रा संपन्न होने के बाद जरही मुख्य चौक पर कलाकारों ने शिव तांडव और राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस बार की शोभायात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। वे पूरी यात्रा के दौरान भक्ति गीतों पर झूमती और थिरकती नजर आईं, जिससे शोभायात्रा की भव्यता और बढ़ गई। शिव मंदिर में संतोष गुप्ता और लालू गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया



### पढ़ाई के लिए पैसा जुगाड़ नहीं होने पर छात्र ने लगाई फांसी

**अम्बिकापुर।** शहर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे युवक ने पढ़ाई के लिए पैसा का जुगाड़ नहीं होने से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के पास से एक पत्र मिला है जिसमें अपने से फांसी लगाने का जिग्र किया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम भोकरा निवासी बटेश्वर पैकरा आ. शोभित राम (25 वर्ष) सुभाष नगर में साथियों के साथ किराए के मकान में रहकर पीजीडीसीए की तैयारी कर रहा था। पिता के बचपन में ही मौत हो जाने पर बड़े पिता पढ़ा रहा था। इसी बीच उसकी चचेरी बहन में उसके साथ रहकर पढ़ाई करने कर रही थी। इसी बीच परीक्षा का फीस के लिए पैसा की जरूरत पड़ी तो युवक नानी से पैसा की मांग की। नानी ने कुछ दिन बाद पैसा जुगाड़ कर देने की बात कही। इसी बीच पढ़ाई के लिए पैसा नहीं मिलने से युवक परेशान रहने लगा। गत दिन शाम युवक घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। आज सुबह घर से कुछ दूर पेड़ में युवक फांसी में लटका मिला। साथ ही उसके पास से एक पत्र मिला जिसमें किसी की कोई गलती नहीं हो तथा अपने से फांसी लगाने का जिग्र किया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# किराना दुकान में चोरी का असफल प्रयास, सीसी टीवी में कैद हुए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

देर रात सड़क किनारे स्थित किराना दुकान में दो चोरों ने धावा बोला। चोरों ने शटर का लॉक तोड़ने की काफी कोशिश की पर सफल नहीं हो पाए। लाख कोशिशों के बाद भी जब चोर अपने मकसद में कामयाब नही हुए तब उन्होंने वहां से भागने में ही अपनी भलाई समझी। इस दौरान चोरों का सारा करतूत सीसी टीवी में कैद हो गई।

चोर अपनी पहचान छुपाने के लिए गाउन पहने हुए थे और चेहरे को नकाब से ढक रखा था। दुकान संचालक ने सीसी टीवी के आधार पर थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खड़गांव में सड़क किनारे लंबोदर प्रधान निवासी हर्राटिकरा का किराना दुकान है। बीती रात को दो अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से धावा बोला। दुकान में चोरी के लिए चोर शटर का लॉक तोड़कर अंदर जाना चाह रहे थे। चोरों ने अपने साथ लाये औजार से शटर का लॉक तोड़ने की काफी कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हुए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिया से नीचे गिरा ट्रक, बाल बाल बचा चालक

**बलरामपुर।** एनएच 343 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर सेमरसोत अभ्यारण्य में पुल के नीचे गिरकर क्लिंकर लोड ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक को गंभीर चोटें आई है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से रामानुजगंज की ओर जा रहा क्लिंकर लोड ट्रक अनियंत्रित होकर सेमरसोत अभयारण्य में स्थित पुलिया के नीचे गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची यातायात विभाग व हाईवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायल चालक को बाहर निकाला गया इसके साथ ही हाइड्रा की मदद से पुल से नीचे गिरे ट्रक को बाहर निकाला गया।



### परिजन के डांटने से छात्र ने लगा ली फांसी

**बतौली/सेदम।** महेशपुर में स्कूली नाबालिग छात्र को मोबाइल के विषय में फटकार लगाना परिजन को इतना महंगा पड़ा कि नाबालिग छात्र ने जंगल में पेड़ के टहनी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी अनुसार सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महेशपुर में कक्षा 9 वीं के छात्र कसाईडीह निवासी विक्रम सिंह आ. संग्राम सिंह को परिजन ने पढ़ाई नहीं करने तथा दिन भर मोबाइल में व्यस्त रहने पर डांट-फटकार लगाया। परिजन के फटकार लगाने पर छात्र ने तैश में आकर महेशपुर के जंगल पेड़ की टहनी में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर परिजन छात्र की खोजबीन करते हुए जंगल पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। छात्र मृत हालत में फांस से लटका हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन दोपहर तक पुलिस घटनास्थल नहीं पहुंची थी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# दुर्ग की घटना को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** दुर्ग जिले के मोहन नगर में 6 वर्ष की बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। रामनवमी के दिन बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और हत्या के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष बाल क्रिसन पाठक के नेतृत्व में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

इस घटना पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी ने कहा कि ऐसे अपराधियों को हम महिलाओं को सौंप दे हम इंसाफ करेंगे। इस दौरान ननि के पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, सत्येन्द्र तिवारी, अरविंद सिंह, हेमंत तिवारी, मधु सिंह, मधु दिक्षित, लुकस एक्का, संध्या रवानी, गीता प्रजापति, रुही गजाला, निमन राशि एक्का, गीता श्रीवास्तव, शकीला सिद्धकी, हमीदा, रत्नप्रिया पाण्डेय, रशीद अहमद अंसारी, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, अतुल तिवारी, वेद प्रकाश शर्मा, संजय मंदिलवार, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, अशफाक अलि, गुरुप्रीत सिद्धू, आशीष जायसवाल, आलोक सिंह, शिवप्रसाद अग्रहरी, बलराम सोनी, मो हसन, जिलानी खान, दीपक मिश्रा, आलोक सिंह, नितिश चौरसिया, सतीश बारी, निखिल आदि शामिल थे।



# ट्रेलर से टकराई बाइक, अधेड़ की मौत



**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ट्रेलर चालक द्वारा बिना किसी संकेतक के लापरवाही पूर्वक वाहन को सड़क पर खड़ी करने से बाइक सवार युवक उससे जा टकराया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल ग्राम झिंगोल निवासी दुर्जन सिंह राठिया पिता करम सिंह राठिया (55) सोमवार को किसी काम से तमनार आया था। काम निपटाने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था। रात करीब 9 बजे झिंगोल के पास एक ट्रेलर के चालक ने अपनी वाहन को सड़क पर खड़ी कर दिया था। वहीं उसने वाहन का इंडिकेटर भी नहीं चालू किया था। जिससे दुर्जन सिंह अंधेरे में अचानक अपने सामने भारी वाहन देख अनियंत्रित हो गया और सीधे ट्रेलर से जा भिड़ा। इस घटना में उसके सिर में गंभीर रूप से चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411